डीजी परिपत्र संख्या - 03 /2016

जावीद अहमद
आई0पी0एस0

पुलिस महानिदेशक,
उत्तर प्रदेश
1 तिलक मार्ग, लखनऊ।

दिनांकः लखनऊः जनवरी 09 ,2016

विषय : पुलिस के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा किये गये सराहनीय एवं उत्कृष्ट कार्यों का जनसाधारण के मध्य अधिकाधिक प्रचार-प्रसार किये जाने के सम्बन्ध में दिशा-निर्देश।

प्रिय महोदय,

आप अवगत है कि पुलिस का कार्य अत्यन्त कठिन एवं दुरूह है। पुलिस के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा विभिन्न रैलियों के दौरान सुरक्षा, यातायात की व्यवस्था बनाये रखना, जूलुसों को शांतिपूर्ण ढ़ग से सम्पन्न कराना, हड़ताल, धरनों एवं बन्द के दौरान असामाजिक तत्वों से राष्ट्र की सम्पत्ति की रक्षा करना, संरक्षित व्यक्तियों की व्यक्तिगत सुरक्षा के दायित्वों का निर्वहन करना, चोर लूटेरों तथा डकैतो से आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित कराना होता है।

आप सहमत होगें कि प्रदेश पुलिस के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा प्रदेश में जन साधारण की सेवा करने, कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने तथा आपराधिक गतिविधियों को नियन्त्रित करने में अनेक उत्कृष्ट एवं प्रशंसनीय कार्य किये जाते हैं, परन्तु इस कार्य के समुचित प्रचार-प्रसार के अभाव में जनता के सामने पुलिस की सकारात्मक छवि उभर कर नही आ पाती है। इस स्थिति में सुधार लाने तथा पुलिस की जनता के मध्य छवि और उज्जवल बनाने के उद्देश्य से निम्न कार्यवाही किया जाना यथेष्ठ होगा : -

- पुलिसकर्मियों द्वारा समाज के कमजोर वर्ग, महिलाओं, बच्चों, वृद्ध नागरिकों की कठिनाईयों के परिप्रेक्ष्य में मानवीय दृष्टिकोण से मदद पहुँचाकर सराहनीय एवं उत्कृष्ट कार्य किया जाता है परन्तु इसका कोई प्रचार-प्रसार नही होता है।
- उपरोक्त के अतिरिक्त प्रायः जनपदों में पुलिसकर्मियों द्वारा अत्यन्त मानवीयता एवं साहस भरे कार्य किये जाते हैं लेकिन उनका प्रचार-प्रसार नही हो पाता है।
- अतः यह आवश्यक हो गया है कि मीडिया को ऐसे सकारात्मक कार्यों की सही एवं समय से बराबर सूचना देने की व्यवस्था की जाये। पुलिस अधीक्षक, जनपद प्रभारी यथा सम्भव स्वयं अथवा अपने किसी अधिकारी के माध्यम से पत्रकारों को नियमित तरीके से पुलिस के उत्कृष्ट कार्यों/प्रयासों की सूचनायें उपलब्ध कराने की व्यवस्था करें।

-2-

- जनपद में पुलिस अधिकारी/कर्मचारी द्वारा किये गये सराहनीय एवं उत्कृष्ट कार्यों के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु जनपद के गणमान्य व्यक्तियों, बुद्धिजीवियों, प्रतिष्ठित पत्रकारों, प्रिन्ट मीडिया एवं इलेक्ट्रानिक चैनल के प्रतिनिधियों को आमंत्रित कर पुलिस द्वारा किये गये महत्वपूर्ण सराहनीय एवं उत्कृष्ट कार्यों के सम्बन्ध में उन्हे विस्तार से अवगत कराते हुए उन पुलिस कर्मियों को सामूहिक रूप से उनके द्वारा किये गये सराहनीय एवं उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हे प्रोत्साहित एवं पुरस्कृत किया जाय।
- माह में एक बार जनपद स्तर पर समारोह आयोजित कर 05 से 08 पुलिसकर्मियों को उनके द्वारा किये गये उत्कृष्ट एवं प्रशसंनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया जाय।
- तीन माह में एक बार जोन स्तर पर 08 से 10 पुलिसकर्मियों को उनके द्वारा किये गये उत्कृष्ट एवं प्रशसंनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया जाय।
- इस समारोह में जो पीड़ित व्यक्ति हो जिन्हे पुलिस कर्मियों द्वारा राहत पहुँचायी गयी हो, के दृष्टान्त या तो उनकी जुबानी, उन्हे आमंत्रित करके या फिर उनके वीडियो बनाकर अच्छे प्रभाव(Effect) के लिए दिखाये जाय।

मैं चाहूँगा कि सभी पुलिस अधीक्षक, जनपद प्रभारी द्वारा ऐसे दृष्टान्त हर माह चिन्हित करते हुए समाचार पत्रों तथा अन्य प्रचार माध्यमों द्वारा उनका व्यापक प्रचार-प्रसार करें ताकि जनमानस में पुलिस की छवि उज्जवल हो सके।

भवदीय

9.1.

(जावीद अहमद)

समस्त जोनल पुलिस महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक,
प्रभारी जनपद,
<u>उत्तर प्रदेश</u>।

<u>प्रतिलिपि</u>-निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1 पुलिस महानिदेशक, सी0बी0सी0आई0डी0, उ0प्र0 लखनऊ।
2 पुलिस महानिदेशक, अभियोजन, उ0प्र0 लखनऊ।
3 पुलिस महानिदेशक, रेलवेज, उ0प्र0 लखनऊ।
4 अपर पुलिस महानिदेशक, कानून व्यवस्था, उ0प्र0 लखनऊ।
5 समस्त परिक्षेत्रीय पुलिस उपमहानिरीक्षक, उ0प्र0।